# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

**Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in**

पत्रांक: 86 /सो.आ.नि.–3/501/2020
दिनाँक: 04 जून, 2020

प्रेषक,

**निदेशक,**
सोशल आडिट, उ0प्र0
लखनऊ

सेवामें,

**समस्त जिलाधिकारी,**
(गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, हापुड़ व कासगंज को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

**विषयः– महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत समवर्ती सोशल आडिट की व्यवस्था के सम्बन्ध में।**

महोदय,

महात्मा गॉधी नरेगा अधिनियम के अन्तर्गत सोशल आडिट की प्रक्रिया निर्धारित की गयी है, जिसमें कार्यो के सत्यापन एवं श्रमिकों से सम्पर्क कर उन्हें देय मजदूरी की प्राप्तियों का सत्यापन किये जाने की व्यवस्था है। वर्तमान में योजना के अन्तर्गत बड़ी संख्या में कार्यों का सम्पादन एवं मानव दिवसों का सृजन करने का कार्य प्रगति पर है। COVID-19 पैण्डेमिक से प्रभावित श्रमिकों के हितों का ध्यान रखते हुए रोजगार के इच्छुक सभी श्रमिकों को योजना के माध्यम से अधिकाधिक रोजगार दिये जाने हेतु शासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

दिनांक 03–06–2020 को आयोजित उत्तर प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में सभापति/प्रमुख सचिव द्वारा निर्देश दिये गए कि योजना के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यों की समवर्ती सोशल आडिट कराई जाए। कार्यहित में वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यों की समवर्ती सोशल आडिट हेतु उचित पाया गया है कि जनपदों में कार्यरत ब्लाक समन्वयकों के द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस को अपने कार्यक्षेत्र की एक ग्राम पंचायत में कार्य स्थलो का सत्यापन, कार्यों की सामान्य गुणवत्ता, श्रमिकों से सम्पर्क कर रोजगार एवं भुगतान प्राप्त करने के सम्बन्ध में अनुभव की जा रही समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप (प्रारूप संलग्न) में उपलब्ध कराई जाएगी। यह ध्यान रखना होगा कि श्रमिकों से सम्पर्क इस प्रकार किया जाए कि कार्य स्थल पर हो रहे कार्यो के सम्पादन में व्यवधान न पड़ें। इसके साथ ही समवर्ती सोशल आडिट के समय विभिन्न अभिलेखों की प्राप्ति पर जोर न दिया जाए तथा प्रारम्भिक सूचनाओं के आधार पर श्रमिकों से सम्पर्क एवं कार्यों का सत्यापन इस प्रकार किया जाए कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि जिला विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों की समवर्ती सोशल आडिट की कार्यवाही पूर्ण करने तथा सप्ताह की संकलित सूचना प्रत्येक शनिवार को निर्धारित प्रारूपों पर ई–मेल के माध्यम से सोशल आडिट निदेशालय को नियमित रूप से भेजने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे संकलित सूचना प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास महोदय के समक्ष प्रस्तुत की जा सके।

संलग्नक– उपरोक्त।

भवदीय,

(योगेश कुमार)
निदेशक
04.06.2020

पत्रांक– /सो.आ.नि.–3/501/2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि–

1– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
2– समस्त जिला विकास अधिकारी, उ0प्र0।
3– समस्त उपायुक्त (नरेगा), उ0प्र0।
4– समस्त संयुक्त विकास आयुक्त, उ0प्र0।

(योगेश कुमार)
निदेशक

फार्मेट–1

**महात्मा गांधी नरेगा योजना**

सोशल आडिटः परीक्षण के बिन्दु/ड्राफ्ट प्रतिवेदन

| | |
|---|---|
| जनपद........................ | विकास खण्ड............................ |
| ग्राम पंचायत.............................. | भ्रमण का तिथि............................... |
| परियोजना (कार्य) का नाम................. | |
| परियोजना की लागत ................. | परियोजना पर व्यय धनराशि............ |
| सत्यापित श्रमिकों की संख्या............... | श्रमिकों को भुगतान साप्ताहिक/पाक्षिक |

| क0 सं0 | परीक्षण के बिन्दु | विकल्प | अभियुक्ति (विवरण सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | जॉब कार्ड धारकों के पास जॉब कार्ड उपलब्ध हैं अथवा नहीं? (जॉब कार्ड उपलब्ध न होने की दशा में उनका पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं) | हॉ/ नहीं | |
| 2 | क्या श्रमिकों द्वारा काम की मॉग की जा रही है और उन्हें मॉग के आवेदन की कोई रसीद दी जा रही है अथवा नहीं? (जॉब कार्ड उपलब्ध न होने की दशा में उनका पूर्ण विवरण उपलब्ध कराएं) | हॉ/ नहीं | |
| 3 | मस्टरोल को वर्क साइट पर भरा जा रहा है अथवा नहीं? (कम से कम 05 मजदूरों के परीक्षण का विवरण उपलब्ध कराएं) | हॉ/ नहीं | |
| 4 | क. मौके पर कार्यरत मजदूर की संख्या | | |
| | ख. मस्टरोल पर उपस्थिति दर्ज श्रमिकों की संख्या (क एवं ख में भिन्नता होने पर एम0आर0 संख्या सहित विवरण उपलब्ध कराएं) | | |
| 5 | परियोजना के लिए सूचना बोर्ड उपलब्ध है अथवा नहीं? (सूचना बोर्ड उपलब्ध न होने की दशा में विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जाए) | हॉ/ नहीं | |
| 6 | श्रमिकों को मस्टरोल में जितनी मजदूरी दर्शित है उतनी प्राप्त हो रही है या नहीं? (यदि नहीं तो एम0आर0 संख्या सहित विवरण उपलब्ध कराएं) | हॉ/ नहीं | |
| 7 | प्रथम दृष्टया कार्य की गुणवत्ता (असंतोषजनक होने की स्थिति में विवरण वर्तमान स्थिति की फोटोग्राफ सहित उपलब्ध कराए) | संतोषजनक/असंतोषजनक | |
| 8 | कार्य स्थल पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध रहती है अथवा नहीं? | हॉ/ नहीं | |

BSAC का नाम.........................

हस्ताक्षर.......................................

फार्मेट–2

**महात्मा गांधी नरेगा योजना**

सोशल आडिटः निष्कर्ष एवं संस्तुतियॉ

जनपद......................... | विकास खण्ड.............................

ग्राम पंचायत................................ | भ्रमण का तिथि................................

कुल सत्यापित श्रमिकों की संख्या...............

| क्र0 सं0 | परीक्षण के बिन्दु | प्रकरणों की सं0 | अभियुक्ति (विवरण सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | जॉब कार्ड धारकों के पास जॉब कार्ड उपलब्ध न होना | | |
| 2 | श्रमिकों द्वारा काम के मॉग के आवेदन की रसीद न दिया जाना | | |
| 3 | मस्टरोल को वर्क साइट पर न भरा जाना | | |
| 4 | मस्टरोल पर उपस्थिति दर्ज श्रमिक एवं मौके पर कार्यरत मजदूरों की संख्या में अन्तर | | |
| 5 | परियोजना के लिए सूचना बोर्ड उपलब्ध न होना | | |
| 6 | श्रमिकों को मस्टरोल के अनुसार मजदूरी भुगतान न होना | | |
| 7 | प्रथम दृष्टया कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक न होने वाली परियोजनाएं | | |
| 8 | कार्य स्थल पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध न होने वाली परियोजनाएं | | |

BSAC का नाम..........................

हस्ताक्षर......................................